**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**16.08.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी राजनैतिक दलों से मिलकर काम करने का किया आह्वान।
- राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें कर रहा नमन।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने चम्बा के तीसा में जल शक्ति विभाग के लिए लगभग साढ़े 27 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं के किए उद्‌घाटन व शिलान्यास।
- राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव के तहत हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति और जनजातीय परम्पराओं की मिल रही शानदार  झलक।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी–कल राज्य के पांच जिलों के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार से.........................**

**प्रधानमंत्री महिला आरक्षण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने के मुद्दे को राजनीतिक लड़ाई न बनाया जाए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी दल आगे आएं और महिलाओं को सम्मान देते हुए यह सुनिश्चित करें कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को जल्द से जल्द तैंतीस प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिले। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की नीतियों को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें इसमें बराबर अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

**प्रधानमंत्री –अटल श्रद्धांजलि**

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का 2018 में आज ही के दिन निधन हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। वर्ष 2015 में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के स्मारक सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए वाजपेयी को असाधारण दूरदर्शी और उत्कृष्ट राजनेता बताया, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के शब्दों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने राष्ट्र को सशक्त बनाया। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे देशभक्त राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्रसेवा में समर्पित कर दिया।

## मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कल चंबा जिला के तीसा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के लिए लगभग साढ़े 27 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। इसमें सगुआं में 25 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से तैयार गुनू–घराट से पुखरोटू उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन मुख्य रूप से शामिल है। योजना से 9 पंचायतों के 26 गांवों को लाभ मिलेगा। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पेयजल ढांचे को मज़बूत करने के साथ–साथ पुरानी योजनाओं के पुनर्निर्माण व संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि चंबा जैसे दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं को मजबूत करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

## धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजो की सुविधा के लिए 4 अतिरिक्त पर्ची कॉउंटर बनाये जाएंगे। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे मरीजो को सुविधा होगी। शांडिल ने कहा कि बंद पड़े पीएसए प्लांट में भी जल्द कर्मचारियों को नियुक्त कर इसे सुचारू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कथेड़ में बन रहे बहुउद्देशीय अस्पताल के निर्माण से इस अस्पताल में भीड़ कम होगी जिसका निर्माण जल्द पूरा हो जाएगा।

## जनजातीय उत्सव

लाहौल–स्पिति जिले में राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव के तहत आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या में कल हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति और जनजातीय परंपराओं की शानदार झलक देखने को मिली। सांस्कृतिक संध्या में लाहौल–स्पीति के साथ–साथ पांगी, किन्नौर, लद्दाख और प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे कलाकारों ने लोक नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। प्रसिद्ध हिमाचली कलाकार अनुज शर्मा, फुरबू नेगी, पदमा डोलकर और अनिल सूर्यवंशी सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे जिन्होंने खूब समां बांधा। अधिक व्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पिति जिला संवाददाता .......

## कल्याण बोर्ड

जनजातीय जिला किन्नौर में हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के पंजीकृत कामगारों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से मददगार साबित हो रही है। योजना के तहत पात्र कामगारों को पक्का मकान बनाने के लिए कुल एक लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में प्रदान की जाती है। अधिक व्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता.....

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बाद छाए हुए हैं। वहीं राज्य के कुछ स्थानों में वर्षा का समाचार है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में 103 सडकें बंद हैं जबकि 221 पेयजल योजनाएं तथा 46 बिजली ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने आज चंबा, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं राज्य में कल बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों जबकि 18 अगस्त को कांगड़ा और सिरमौर जिलों के लिए भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से नदी नालों के किनारे व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में न जाने की अपील की है।

**सूर्यपथ तिरंगा – संस्कृति मंत्रालय**

पहली बार आयोजित 'सूर्यपथ तिरंगा ग्लोबल रिले' का कल समापन हो गया। यह रिले पूर्व में फिजी से शुरू होकर पश्चिम में अमरीका तक 54 देशों और कई क्षेत्रों से होकर गुजरी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह पहल 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित की गई थी। फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग से शुरू हुई इस रिले में एक सूर्योदय से अगले सूर्योदय तक तिरंगे का संदेश दुनिया भर में पहुंचाया गया। रिले का समापन सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में तिरंगा फहराने के साथ हुआ। इस दौरान 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का भी जश्न मनाया गया। रिले में प्रवासी भारतीयों और भारत के मित्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी राजनैतिक दलों से मिलकर काम करने का किया आह्वान।
- राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें कर रहा नमन।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने चम्बा के तीसा में जल शक्ति विभाग के लिए लगभग साढ़े 27 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- राज्य स्तरीय जनजातीय उत्सव के तहत हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति और जनजातीय परम्पराओं की मिल रही शानदार  झलक।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी–कल राज्य के पांच जिलों के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

———————————————